भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1222
06 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

बापू घाट का विकास

1222. श्री इटेला राजेंदर:

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेलंगाना सरकार ने राज्य में मूसी नदी के पुनरुद्धार के हिस्से के रूप में बापू घाट को गांधी सरोवर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव किया है और 98.20 हेक्टेयर भूमि के हस्तांतरण का प्रस्ताव राज्य सरकार को किया है और इस संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार द्वारा इस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख): मूसी नदी तट विकास निगम (एमआरडीसी), तेलंगाना सरकार ने गांधी सरोवर परियोजना के लिए आर्टिलरी केन्द्र गोलकुंडा में 222.27 एकड़ रक्षा भूमि के हस्तांतरण के लिए रक्षा मंत्रालय के एनओसी पोर्टल पर आरंभ में ही आवेदन कर दिया था। बाद में, एमआरडीसी ने इस परियोजना के लिए अपनी भूमि आवश्यकता को संशोधित करते हुए इसे 98 एकड 20 गुंठा कर दिया। संशोधित प्रस्ताव वर्तमान में हितधारकों के परामर्श से रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन है।

****